# रिक्त स्थानों

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

**1. भाववाचक संज्ञा की रचना मुख्य ....... प्रकार के शब्दों से होती है।**

उत्तर- भावबोधक

**2. सर्वनाम ............ प्रकार के होते हैं।**

उत्तर-छः

**3.शब्द जो किसी वस्तु, पदार्थ या जगह की मात्रा, तौल या माप का बोध कराते हैं, वे .... कहलाते हैं।**

उत्तर- द्रव्यवाचक संज्ञा

**4. हिन्दी क्रिया पदों का मूल रूप ही ........... है।**

उत्तर- धातु

**5. उपसर्ग शब्द के .............. में जुड़कर शब्द का अर्थ बदल देते हैं।**

उत्तर- आरम्भ

**6. वे प्रत्यय जो धातु अथवा क्रिया के अंत में लगकर नए शब्दों की रचना करते हैं, उन्हें .................... प्रत्यय कहते हैं।**

उत्तर- कृदन्त या कृत

**7. संज्ञा के मुख्य रूप से ................ भेद माने जाते हैं।**

**उत्तर-** तीन

**8. पुरुषवाचक सर्वनाम के ................ भेद होते हैं।**

**उत्तर-** तीन

**9. जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की नाप-तौल संबंधी विशेषताओं का ज्ञान होता है वे.............कहलाते हैं।**

**उत्तर-** परिणामवाचक

**10. क्रिया के मूल रूप को .................... कहते हैं।**

**उत्तर-** धातु

**11. जो शब्दांश शब्द के आरम्भ में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता या परिवर्तन उत्पन्न कर देते हैं, वे .......... ... कहलाते हैं।**

**उत्तर-** उपसर्ग

**12. वे प्रत्यय जो संज्ञा शब्दों के अन्त में जुड़ते हैं, उन्हें ............... प्रत्यय कहते हैं।**

**उत्तर-** तद्धित

**13. जिन संज्ञा शब्दों से किसी भाव, गुण, अवस्था या क्रिया के व्यापार आदि का बोध होता है, उन्हें .............. संज्ञा कहते हैं।**

उत्तर- भाववाचक

**14. जिन सर्वनाम शब्दों के द्वारा किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति की ओर संकेत किया जाता है, उन्हें ................ सर्वनाम कहते हैं।**

उत्तर- निश्चयवाचक

**15. संख्यावाचक विशेषण के .................. भेद होते हैं।**

उत्तर--- दो

**16. कर्म के आधार पर क्रिया के मुख्य ............... भेद होते हैं।**

उत्तर--- दो

**17. हिन्दी के प्रचलित उपसर्गों को मुख्य ................ भागों में बाँटा जा सकता है?**

उत्तर- चार

**18. वे शब्दांश जो किसी मल शब्द के अन्त में लगकर उनके अर्थ में परिवर्तन या विशेषता उत्पन्न करते हैं, उन्हें ................ कहते हैं।**

उत्तर- प्रत्यय

**19. जिस संज्ञा शब्द से किसी विशिष्ट व्यक्ति या स्थान का ज्ञान हो: उसे ............ संज्ञा कहते ।**

उत्तर– व्यक्तिवाचक

**20. जो सर्वनाम शब्द वाक्य में परस्पर संबंध का बोध कराते हैं, उन्हें.................. सर्वनाम कहते हैं।**

उत्तर– संबंधवाचक

**21. विशेषण के ................. भेद माने जाते हैं।**

उत्तर- चार

**22. व्युत्पत्ति के आधार पर क्रिया के ............. भेद माने जाते हैं।**

उत्तर– दो

**23. रचना की दृष्टि से क्रिया विशेषण के .................. भेद माने जाते हैं।**

उत्तर- दो

**24. जो शब्दांश धातुओं के अन्त में जुड़ते हैं, उन्हें ........... प्रत्यय कहते हैं ।**

उत्तर- कृदन्त या कृत

**25. 'बच्चा' शब्द से बनने वाली भाववाचक संज्ञा होगी ....................'।**

उत्तर- बचपन

**26. जो सर्वनाम शब्द प्रश्न का बोध कराते हैं, उन्हें ............. कहते है।**

उत्तर- प्रश्नवाचक सर्वनाम

**27. संख्यावाचक विशेषण के ............. भेद होते हैं।**

उत्तर- दो

**28. सकर्मक क्रिया के ................. भेद होते हैं।**

उत्तर- दो

**29. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण के .................. भेद होते हैं।**

उत्तर- पाँच

**30. कृदन्त प्रत्यय के ............... भेद होते हैं।**

उत्तर- तीन

**31. जातिवाचक संज्ञा के ................ उपभेद माने जाते हैं।**

उत्तर- दो

**32. जिस सर्वनाम शब्द का प्रयोग कर्ता स्वयं के लिए करता है, उसे .......... सर्वनाम कहते हैं।**

उत्तर- निज वाचक

**33. निश्चित संख्यावाचक विशेषण के .......... उपभेद माने जाते हैं।**

उत्तर- चार

**34. क्रिया के वाच्य के ............. भेद होते हैं?**

उत्तर- तीन

**35. प्रयोग के आधार पर क्रिया विशेषण के .............. भेद होते हैं।**

उत्तर- तीन

**36. तद्धित प्रत्यय के ......... भेद माने जाते हैं।**

उत्तर- छः

**37. 'श्रेष्ठतम' शब्द विशेषण की .................... का उदाहरण है।**

उत्तर- उत्तमावस्था

**38. सन्धि के मुख्य रूप से ........................ प्रकार माने जाते हैं।**

उत्तर- तीन

**39. हिन्दी के सभी प्रत्ययों को ...................... वर्गों में सम्मिलित किया जाता है।**

उत्तर- छः

**40. संस्कृत में मुख्य उपसर्ग ............... हैं।**

उत्तर--- 22

**41. जिस शब्द में लिंग, वचन, कारक आदि के कारण रूप परिवर्तन नहीं होता है, उसे ................... कहते हैं।**

उत्तर- अविकारी पद

**42. वाक्य में अपने रूढ़ अर्थ में प्रयोग की जाने वाली क्रिया को ............. कहते हैं ।**

उत्तर--- सामान्य क्रिया

**43. 'थकावट' शब्द ............... संज्ञा है।**

**उत्तर–** भाववाचक

**44. तत्पुरुष समास के ............... भेद माने जाते हैं।**

**उत्तर–** दो

**45. कृदन्त प्रत्यय के .............. भेद होते हैं।**

**उत्तर–** तीन

**46. हिन्दी में ................... भाषाओं के उपसर्ग भी प्रयुक्त होते हैं।**

**उत्तर-** विदेशी

**47. समुच्चयबोधक अव्यय के ................ भेद माने जाते हैं।**

**उत्तर-** दो

**48. जब कर्ता स्वयं कार्य न करके किसी अन्य को प्रेरणा देकर कार्य करवाता है, तो उसे .............क्रिया कहते हैं।**

**उत्तर-** प्रेरणार्थक

**49. व्यक्तियों के नाम ............ संज्ञा होती है।**

उत्तर- व्यक्तिवाचक

**50. सुनने वाले के लिए .................. पुरुष आता है।**

उत्तर- मध्यम

**51. जिस शब्द की विशेषता बतायी जाए, वह ................... कहलाता है।**

उत्तर- विशेष्य

**52. धातु मुख्य रूप से ........................ प्रकार के होते हैं।**

उत्तर- दो

**53. रूप के अनुसार क्रिया विशेषण के ..................... भेद हैं।**

उत्तर- तीन

**54. प्रत्ययों से बने हुए शब्दों के .......................... मुख्य भेद हैं।**

उत्तर- दो